<u>प्रेस नोट</u>

पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में दिनांकः- 30.10.2026 को जनपद में अपराधियों के विरुद्ध व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरणः

- थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा अ0सं0 203/26 धारा 137(2)/87/64(1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित बालअपचारी को निगरानी में लेकर विधिक कार्यवाही की गयी।

- थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा अ0सं0 177/03 धारा 420/467/468/471/120बी भादवि0 से सम्बन्धित अभियुक्त मिर्री उर्फ मिल्ली उर्फ सुखवीर पुत्र छुटकऊ रैदास उर्फ श्याम बिहारी निवासी नैपलापुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

- थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा अ0सं0 311/12 धारा 354/506 भादवि0 से सम्बन्धित अभियुक्त मनोज तिवारी पुत्र वंशगोपाल तिवारी निवासी सिहुल थाना कोतवाली सिटी जनपद रीवा मध्य प्रदेश को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

- थाना शिवली पुलिस द्वारा 1. महेश कुमार पुत्र स्व0 मुन्नालाल, 2. सोनू उर्फ सुमित पुत्र देशराज, 3. रामशरण पुत्र किशनलाल व 4. शिवशंकर पुत्र रामप्रकाश समस्त निवासीगण ग्राम रामपुर शिवली थाना शिवली जनपद कानपुर देहात के द्वारा सार्वजनिक स्थान पर ताश-पत्तो से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 367/26 धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 20 व्यक्तियों के विरुद्ध थानावार क्रमशः जिसमें थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना रूरा पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना गजनेर पुलिस द्वारा 05 व्यक्तियों, थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा 05 व्यक्तियों व थाना शिवली पुलिस द्वारा 08 व्यक्तियों का धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अन्तर्गत चालान किया।